**Nai Dunia (Indore), 29th May 2021, Page-4**

# राष्ट्रीय वेबिनार में आइआइटी इंदौर और मद्रास के विशेषज्ञ अनुभव साझा करेंगे

## जटिल इंजीनियरिंग प्रणालियों पर आज होगी बात

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** सोसायटी फार रिलायबिलिटी एंड सेफ्टी (एसआरईएसए) द्वारा जटिल इंजीनियरिंग प्रणालियों की विश्वसनीयता और सुरक्षा विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार शनिवार को आयोजित किया जाएगा। एसआरईएसए का मकसद आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करना और इसके विभिन्न क्षेत्रों को गति देना है। वेबिनार का विषय सामान्य रूप से इंदौर और आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक है। इंदौर के विकास की विशेषता इसकी संपत्ति की अभूतपूर्व वृद्धि से हो सकती है। इसमें औद्योगिक संस्थान, अनुसंधान केंद्र जैसे राजा रमन्ना सेंटर फार एडवांस्ड टेक्नोलाजी के इंडस-2 एक्सेलेरेटर जैसी मेगा मशीनें, स्वास्थ्य प्रणाली, शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान जैसे आइआइटी, आइआइएम और अन्य इंजीनियरिंग संस्थान आदि शामिल हैं। यह संस्थान मानव संसाधन, प्रणालियों और अन्य सामाजिक अनुप्रयोगों और विशेष रूप से रेल और सड़क परिवहन आदि के विकास पर काम कर रहे हैं। आयोजन भारती प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के सहयोग से किया जा रहा है। आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन मुख्य अतिथि होंगे। कासेल विश्वविद्यालय जर्मनी के प्रो. ओलिवर स्ट्रेटर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे। एसआरईएसए के अध्यक्ष प्रो. प्रभाकर वी. वर्दे और एएस जोशी भी शामिल होंगे। आइआइटी इंदौर से प्रो. पवन कुमार कंकड़, प्रो. गुरु प्रकाश और आइआइटी मद्रास के प्रो. रघु प्रकाश भी अपने विचार साझा करेंगे। आरआरकेट के वैज्ञानिक सुरेंद्र यादव अपने शोध के बारे में बताएंगे। इस दिन एसआरईएसए इंदौर चैप्टर का शुभारंभ भी होगा।